Regarding need for widening of NH-30 from four lane to six lane

श्री आनंद भदौरिया (धौरहरा) **:** सभापति जी, मैं आपके माध्यम से देश की सबसे पुरानी सड़क, देश की दोनों राजधानियों को जोड़ने वाली सड़क, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और देश की राजधानी दिल्ली को जोड़ने वाली सड़क, देश का सबसे पुराना राजमार्ग जो अब एनएच-30 के नाम से जाना जाता है, मैं उस सड़क के चौड़ीकरण की मांग को लेकर आपके सामने खड़ा हुआ हूं ।

सभापति महोदय, यह सड़क ऐतिहासिक जिलों से होकर गुजरती है, चाहे बरेली हो, रामपुर हो, शाहजहांपुर हो, सीतापुर हो, लखीमपुर हो या लखनऊ हो । काफी मांग के बाद इस सड़क को फोर लेन करने का काम शुरू हुआ, लेकिन बीच में ही ठेकेदारों की उदासीनता के कारण यह सड़क ऐसी ही पड़ी रही । विगत 10-15 सालों में बहुत सारे एक्सीडेंट्स हुए हैं, जिसमें कई लाख परिवार उजड़ गए ।

सभापति जी, मैं माननीय मंत्री जी का धन्यवाद करूंगा कि उन्होंने प्राथमिकता पर लेकर इस सड़क को फोर लेन करने का काम किया । आज उस सड़क पर ट्रैफिक काफी बढ़ा है और उससे अब कहीं न कहीं फोर लेन से भी काम नहीं चल रहा है ।

सभापति जी, यह सबसे कम दूरी की सड़क है, जो उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और देश की राजधानी दिल्ली को जोड़ने का काम करेगी । इस हेतु हमारी आपसे मांग है । इसमें हमारा जो क्षेत्र पड़ता है, उसमें उचौलिया, जेबीगंज, मैगलगंज, महोली, उरदौली, कार्टरगंज है । यहां लगातार एक्सीडेंट्स हो रहे हैं । इसलिए, हमारी आपके माध्यम से मांग है, जैसे उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की हुकूमत थी, हमारे नेता माननीय अखिलेश यादव जी ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे बना कर बहुत शानदार एक्सप्रेस-वे बनाया था । हम चाहते हैं कि उसी तर्ज पर इस सड़क को सिक्स लेन बनाने का काम भारत सरकार करे ।

सभापति महोदय, आपने मुझे अपना विषय रखने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।